Need to boost BSNL services in rural areas

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदय, जैसा कि आप जानते हैं कि वर्तमान युग डिजिटल का है और इसके लिए बहुत ज्यादा अच्छे नेटवर्क की आवश्यकता होती है।

महोदय, आपको विदित है कि वर्तमान में सारे काम ऑनलाइन होते हैं, चाहे वह ऑफिस का काम हो, किसानों का काम हो, पढ़ाई-लिखाई का काम हो, विभागीय कार्य हो, सार्वजनिक वितरण प्रणाली का काम हो, ऑनलाइन बैंकिंग का काम हो, इन सब कामों के लिए मोबाइल नेटवर्क अति आवश्यक है।? (व्यवधान)

माननीय सभापति: आप तो पहले से परिचित हैं।

डॉ. ढालसिंह बिसेन: महोदय, आज भी अनेक क्षेत्र ऐसे हैं, जहां मोबाइल नेटवर्क ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसके कारण हमारे छात्र-छात्राओं को भी परेशानी होती है। नेटवर्क की उपलब्धता ठीक से नहीं होने के कारण सारे विभागीय कार्य भी प्रभावित होते हैं। विशेषकर बीएसएनएल प्रदेश में ही नहीं, सारे देश में अपने नाम के लिए जाना जाता है।

सभापति महोदय, अभी भी मेरे लोक सभा क्षेत्र में बीएसएनएल टू जी सेवाओं से आगे नहीं बढ़ पाया है। जो अन्य प्रतिस्पर्धी संस्थायें हैं, वे थ्री जी, फोर जी और फाइव जी तक चली गई हैं। नेटवर्क स्पीड नहीं मिलने के कारण छात्र-छात्रायें और सारे लोग परेशान हैं। जो गांव में काम करने वाले और पढ़ने वाले छात्र हैं, वे भी इससे परेशान हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि ग्रामीण इलाकों में भी बीएसएनएल की सुविधायें अधिक सुदृढ़ और अच्छी हों। इसके अलावा अन्य प्रतिस्पर्धी संस्थाओं का नेटवर्क भी अच्छा चले, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को, सारे आफिसेज़ को काम करने में अच्छी सुविधा मिल सके। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।